जल प्रबंधन के लिये हरियाणा को मिला पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

22 अगस्त, 2021 को हरियाणा के सिंचाई और जल संसाधन विभाग को **केंद्रीय जल मंत्रालय** के सहयोग से **'एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन'** द्वारा **प्लैटिनम श्रेणी में 'एनर्जी एनवायरनमेंट फाउंडेशन ग्लोबल इनोवेशन इन वॉटर टेक्नोलॉजी अवार्ड 2021'** से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- **केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत** ने एक वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान हरियाणा को यह सम्मान दिया।
- हरियाणा सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता सतबीर कादियान ने बताया कि हरियाणा को यह पुरस्कार**जल प्रबंधन की उत्कृष्ट योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये** मिला है।
- उन्होंने कहा कि राज्य की **लिफ्ट नहर प्रणाली** की लगातार सराहना हो रही है और इसकी जल प्रबंधन नीतियों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-got-award-for-water-management